nt>

Title: Demand of laying Jogbani-Katihar railway line and need to provide support prices to the Jute growers of Bihar.

श्री रामजीदास ऋषिदेव (अररिया): महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र की जनता जोगबनी-कटिहार बड़ी रेल लाइन के बारे में मांग करती रही है, जिसको अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस क्षेत्र में जूट मिल के लिए सरकार द्वारा जमीन खरीदी गई है, लेकिन उसकी स्थापना अभी तक नहीं हुई है। इस क्षेत्र में जूट की खेती अधिक है और यहां के किसानो के पास अभी भी जूट लाखों कि वंटल पड़ा हुआ है और सरकार द्वारा जूट का समर्थन मूल्य भी नहीं दिया गया है, जिससे यहां के किसानों को परेशानी हो रही है। इस क्षेत्र के विकास के लिए अभी तक गांवों में बिजली, सड़क की सुविधा नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कारगर कदम उठाए।